# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 चंपत राय समेत 14 पर आरोप तय



6 क्या तमिलनाडु मानेगा त्रिभाषा फॉर्मूला



7 दिसंबर तक भारत-ईयू एफटीए समझौता



8 युवा सितारों ने रचा इतिहास

## एक नजर में



### टाटा संस में प्रदीप सिंह खरोला बने चेयरमैन

**नई दिल्ली.** टाटा संस ने पूर्व नागरिक उड्डयन सचिव और पूर्व एयर इंडिया प्रमुख प्रदीप सिंह खरोला को कंपनी के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के कार्यकारी सलाहकार और कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया है. यह निर्णय समूह के एयरलाइन व्यवसाय में संचालनात्मक स्थिरता को मजबूत करने और नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के उद्देश्य से लिया गया है. प्रदीप सिंह खरोला प्रशासनिक और विमानन क्षेत्र में लंबे अनुभव वाले अधिकारी रहे हैं. अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्रालय में सचिव के रूप में और एयर इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं.




### 150 ब्यूप्रेनोर्फिन टैबलेट के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** बाहरी दिल्ली पुलिस ने सोमवार को ब्यूप्रेनोर्फिन टैबलेट की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है .पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर आरोपी राजेश गुप्ता (53) को गिरफ्तार किया और उसके पास से 150 ब्यूप्रेनोर्फिन टैबलेट भी बरामद की. बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विक्रम सिंह ने कहा कि नियमित गश्त पर निकली एक पुलिस टीम ने पॉलिथीन बैग ले जा रहे एक व्यक्ति को पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करते देखा।

### अमोनिया गैस रिसाव में पांच लोगों की मौत

**चेन्नई.** तमिलनाडु के तिरुवल्लुवर जिले में हुए अमोनिया गैस रिसाव हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है, जिससे पूरे राज्य में चिंता और आक्रोश का माहौल है. यह घटना 21 जून को एक निजी सीफूड प्रोसेसिंग और निर्यात इकाई में उस समय हुई जब नियमित कार्य के दौरान अचानक पाइपलाइन से अमोनिया गैस का रिसाव हो गया. गैस के संपर्क में आने से वहां काम कर रहे 70 महिलाओं सहित कुल 74 श्रमिक प्रभावित हुए, जिन्हें तुरंत नजदीकी सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया.

# लखनऊ के कोचिंग सेंटर में आग से 14 की मौत

**लखनऊ, 22 जून. उत्तर प्रदेश की लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक कोचिंग सेंटर में लगी भीषण आग ने पूरे इलाके को दहला दिया, जिसमें कई लोगों की जान चली गई और राहत कार्य देर रात तक जारी रहा. आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस अग्निकांड में अब तक 14 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है. हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और परिजनों में कोहराम मच गया. कई लोगों के अभी भी इमारत के भीतर फंसे होने की आशंका जताई जा रही है, जिसके चलते रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है.**

वहीं, उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने बताया कि हादसे की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं, ताकि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा सके. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना को लेकर हाइलेवल मीटिंग भी बुलाई है. उन्होंने कहा कि लखनऊ आग हादसे के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. राष्ट्रपति ने भी इस दर्दनाक हादसे पर दुख जताया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है. घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया. हालांकि आग की तीव्रता अधिक होने के कारण शुरुआत में नियंत्रण पाना मुश्किल रहा.



### भीषण अग्निकांड में हुई जानमाल की हानि से मैं व्यथित हूं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ में हुई भीषण अग्निकांड में हुई जानमाल की हानि से मैं व्यथित हूं. मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं. घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं. बचाव अभियान जारी है और अधिकारी हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष की ओर से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी. घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे.

# पिकअप को ट्रक ने मारी टक्कर, 6 लोगों की मौत

- सांवरी चौकी क्षेत्र के टेमनीखुर्द में हुआ दर्दनाक हादसा
- सभी 21 घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

**छिंदवाड़ा, 22 जून. सांवरी चौकी क्षेत्र के ग्राम टेमनीखुर्द में सोमवार की सुबह 10 बजे लगभग सड़क के किनारे खड़े पिकअप को ट्रक ने टक्कर मार दिया. इस दुघर्टना में 6 लोगों की मौत हो गई. वहीं 21 लोग घायल हो गए. सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है.**



सांवरी चौकी प्रभारी मुकेश द्विवेदी ने बताया कि सुबह के समय ग्राम मधेरागाड़ागोंदी लगभग 25 मजदूर पिकअप में वाहन में बैठकर धनिया उखाड़ने के लिए ग्राम कन्हरगांव जाने के लिए निकले थे. पिकअप जब ग्राम टेमनीखुर्द पहुंची तो किसी काम के चलते चालक ने पिकअप रोक दिया. इस दौरान देवास से यूरिया लेकर जिला सिवनी के कान्हीवाड़ा जा रहे ट्रक ने सड़क के किनारे खड़ी पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी.

हादसा इतना भयाभय था कि ट्रक और पिकअप के परखच्चे उड़ गए. उक्त हादसे में पिकअप में सवार चार लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं 21 मजदूर घायल हो गए. वहीं ट्रक ने बाइक सवार को भी चपेट में ले लिया जिससे बाइक चालक की भी घटना स्थल पर मौत हो गई.

### मृतकों के परिजनों को दिए चार-चार लाख रुपए

इधर इस बात की जानकारी मिलते ही प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है. उन्होंने इस हादसे में मृत परिजनों को चार-चार लाख, गंभीर घायलों को एक-एक लाख और साधारण घायलों को 50-50 हजार रूपए देने की घोषणा की है.

( शेष पेज 9 पर )

## कैलाश मानसरोवर यात्रा की तैयारी पूरी

**नई दिल्ली, 22 जून.** चीन में भारत के राजदूत विक्रम दोरईस्वामी ने रविवार को कैलाश मानसरोवर यात्रा के तीर्थयात्रियों के लिए एक वीडियो संदेश जारी किया. इसमें उन्होंने यात्रियों के लिए की जा रही तैयारियों, परिक्रमा के अपने अनुभव और यात्रा से जुड़ी जरूरी सलाह साझा की. राजदूत और दूतावास के उनके साथियों ने खुद कैलाश पर्वत की परिक्रमा वाले रास्ते और आधिकारिक यात्रा के सभी प्रवेश स्थानों का दौरा किया. उन्होंने बताया कि यह जगह स्थानीय लोगों के लिए भी बहुत पवित्र है.

# फिर से टूट गई उद्धव ठाकरे की सेना

**06** सांसदों ने एकनाथ शिंदे गुट का दामन थामा

**17** जून की बैठक में अनुपस्थिति के बाद बढ़ी थीं अटकलें

**मुंबई, 22 जून. महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जहां शिवसेना के 6 सांसदों ने पाला बदलकर एकनाथ शिंदे गुट का दामन थाम लिया है.**



महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़ा सियासी बदलाव देखने को मिला है. शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) को उस समय बड़ा झटका लगा जब उसके 6 सांसदों ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने का फैसला किया. इनमें संजय दीना पाटिल, संजय देशमुख, संजय जाधव, भाऊसाहेब वाकचौरे, पाटिल-अष्टिकर और ओमप्रकाश राजेनिंबालकर जैसे नाम शामिल हैं. इन सांसदों के पाला बदलने की अटकलें पहले से ही लगाई जा रही थीं, खासकर तब जब ये 17 जून को दिल्ली में हुई शिवसेना की संसदीय दल की बैठक में शामिल नहीं हुए थे. इसके बाद राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई थीं कि ये सांसद किसी नए राजनीतिक कदम की तैयारी में हैं. इन सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने की औपचारिक घोषणा खुद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की.

# रिपोर्ट : 159 दवाएं क्वालिटी टेस्ट में फेल

- सेंट्रल ड्रग्स लैब रिपोर्ट दवा गुणवत्ता पर बड़ा सवाल
- असम में एक दवा का सैंपल नकली पाया गया

**नई दिल्ली, 22 जून. देश की दवा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए एक नई रिपोर्ट में 159 दवाओं के सैंपल गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं पाए गए हैं, जिसमें एक नकली दवा भी शामिल है.**



स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़ी केंद्रीय ड्रग्स लैबोरेटरीज की मासिक रिपोर्ट में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है. मई माह की ड्रग अलर्ट रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में विभिन्न कंपनियों द्वारा निर्मित कुल 159 दवाओं के सैंपल गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं पाए गए हैं. इनमें से 46 दवाएं सेंट्रल ड्रग्स लैबोरेटरीज की जांच में फेल हुई हैं, जबकि 113 दवाओं को राज्य स्तरीय दवा परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' घोषित किया है. अधिकारियों के अनुसार, एनएसक्यू का मतलब यह होता है कि संबंधित दवा का सैंपल परीक्षण के दौरान तय मानकों में से एक या अधिक मानकों पर खरा नहीं उतरा है. हालांकि यह कमी केवल उसी विशेष बैच तक सीमित होती है जिसकी जांच की गई है, और इसका यह अर्थ नहीं है कि उस दवा के सभी उत्पाद बाजार में खराब हैं. रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि असम में एक दवा का सैंपल नकली पाया गया है. जांच में पता चला कि कुछ अनधिकृत निर्माताओं ने दूसरी कंपनी के ब्रांड नाम का गलत उपयोग करते हुए यह दवा तैयार की थी.

# अमेरिका-ईरान के बीच समझौते पर बनी सहमति

## पाकिस्तान और कतर की मध्यस्थता ने लेबनान युद्ध को समाप्त करने की दिशा में बड़ी प्रगति की है

**तेहरान, 22 जून. ईरान-अमेरिका ने उच्च स्तरीय वार्ता का पहला दौर पूरा कर लिया है और दोनों देश स्विट्जरलैंड के बर्गनस्टॉक शहर में चल रही वार्ता में अंतिम समझौते की दिशा में 60 दिनों के रोडमैप पर सहमत हो गये हैं।**

दोनों पक्ष इस्लामाबाद समझौता पत्र (एमओयू) के तहत तकनीकी मुद्दों पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए एक प्रणाली विकसित करने पर भी राजी हो गये हैं। मध्यस्थ देश कतर-पाकिस्तान के जारी संयुक्त बयान के अनुसार, पहले दिन की सकारात्मक और रचनात्मक बातचीत के नतीजे उत्साहवर्धक रहे। चर्चा आगे बढ़ाने के लिए एक सिस्टम तैयार कर लिया गया है. समझौता पत्र के तहत, दोनों पक्ष एक उच्च समिति स्थापित करने पर सहमत हुए हैं, जो मध्यस्थता प्रक्रिया की राजनीतिक निगरानी के लिए जिम्मेदार होगी। वरिष्ठ वार्ताकार नियमित रूप से इस समिति को रिपोर्ट करेंगे। यह समिति परमाणु मुद्दों, प्रतिबंधों और एक निगरानी व विवाद-समाधान तंत्र पर केंद्रित कार्य समूहों की देखरेख करेगी, ताकि समझौता पत्र के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया जा सके और अन्य लंबित मुद्दों को सुलझाया जा सके.

> संयुक्त बयान में कहा गया है कि उच्च समिति ने 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते पर पहुंचने के उद्देश्य से एक खाके को मंजूरी दे दी है। इससे अतिरिक्त तकनीकी मुद्दों पर बातचीत तुरंत शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है।समझौते के तहत दोनों पक्षों के बीच बातचीत का सीधा जरिया भी तैयार किया गया है, जो समझौता पत्र के अनुच्छेद पांच में तय की गयी अवधि तक जारी रहेगा।इसका मकसद किसी भी तरह के टकराव और गलतफहमी को रोकना है, ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य से व्यापारिक जहाजों की आवाजाही सुरक्षित रहे।

# 3 करोड़ डाउनलोड के पार पहुंचा नया आधार ऐप

**40** लाख लोगों ने मोबाइल नंबर किया अपडेट

**नयी दिल्ली, 22 जून. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया है कि नया आधार ऐप देशभर में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है. मंत्रालय ने आज बताया कि नया आधार ऐप लॉन्च होने के पांच महीने से भी कम समय में इसे 3.1 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है.**

मंत्रालय के अनुसार यह उपलब्धि लोगों के बीच ऐप की बढ़ती उपयोगिता और उस पर बढ़ते भरोसे को दर्शाती है. उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन को सरल बनाने के उद्देश्य से विकसित यह ऐप मोबाइल नंबर अपडेट, पता अपडेट और पहचान सत्यापन जैसी कई महत्वपूर्ण सेवाएं सीधे स्मार्टफोन पर उपलब्ध करा रहा है. अब तक लगभग 40 लाख लोगों ने नए आधार ऐप के माध्यम से अपना मोबाइल नंबर अपडेट किया है, जबकि करीब 8.5 लाख लोगों ने ऐप का उपयोग कर अपना पता अपडेट कराया है.

# विकास कार्यों का प्रेजेंटेशन देंगे प्रभारी मंत्री

- जिला विकास समितियों का भोपाल में होगा सम्मेलन
- सीएम ने आर्थिक व सांख्यिकी विभाग की समीक्षा की

प्रशासनिक संवाददाता


**भोपाल, 22 जून. स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालयों पर होने वाले कार्यक्रमों में जिलों के प्रभारी मंत्री, जिलों में हुए विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों से जुड़ी जानकारी जनता के सामने पेश करेंगे.**



समारोह स्थल पर विकास कार्यों और योजनाओं को जनसामान्य के सामने रखने के लिए प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी, यह प्रेजेंटेशन एक तरह से विकास कार्यों के सोशल ऑडिट जैसा होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मंत्रालय में योजना, आर्थिक एवं साख्यिकी विभाग की समीक्षा के दौरान इस संबंध में निर्देश दिए हैं. इस दौरान सीएम ने कहा कि जिला विकास समितियों का राजधानी भोपाल में सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. जिला विकास समितियां विकास गतिविधियों के लिए शासकीय नियोजन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें. मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र विकास योजना के तहत सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने और किफायती आवासों के निर्माण में ईको फ्रेंडली भवन निर्माण सामग्री के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की आवश्यकता है.

# ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने पद से इस्तीफे का किया ऐलान

**लंदन, 22 जून. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने मंगलवार को इस्तीफे का ऐलान कर दिया है. यूके की विदेश सचिव येवेट कूपर ने सोमवार को स्टार्मर को पद छोड़ने के लिए कहा था. स्टार्मर बीते 10 सालों में ब्रिटेन के पीएम पद से इस्तीफा देने वाले सातवें व्यक्ति हैं.**




ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने घोषणा की है कि वह लेबर पार्टी के नेता का पद छोड़ देंगे. उन्होंने यह मान लिया है कि उनकी पार्टी अब यह नहीं मानती कि वह अगले आम चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करने के लिए सही व्यक्ति हैं. स्टार्मर के सबसे सीनियर मंत्रियों में से एक कूपर ने पिछले हफ्ते के अंत में स्टार्मर को प्राइवेट तौर पर यह मैसेज दिया.

**महिला सशक्तिकरण** पंजाब की सभी माँ, बहनों और बेटियों को 3 हजार व 4500 रुपए मिलेंगे

# आपसे किया वादा हो रहा है पूरा : केजरीवाल

**नई दिल्ली, 22 जून. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री की ओर से महिलाओं के खाते में तीन महीने का पैसा एक साथ भेजने के ऐलान का स्वागत किया है. अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की सभी मां, बहनों और बेटियों को बधाई देते हुए कहा कि सीएम भगवंत मान का यह कदम की तारीफ की जानी चाहिए.**



उन्होंने कहा कि सामान्य महिला को 1 हजार और दलित महिला को 1500 रुपए महीना देने की भगवंत मान सरकार की योजना दुनिया का सबसे बड़ा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम है. एक जुलाई को भगवंत मान सरकार सभी पात्र महिलाओं के खाते में तीन महीने का पैसा एक साथ डालेगी. अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि 1 जुलाई को उनके खाते में तीन महीने के पैसे एक साथ आयेंगे. हर जनरल केटेगरी की महिला को तीन हजार और हर एससी केटेगरी की महिला को 4500 रुपए मिलेंगे. एक परिवार में यदि एक से अधिक महिला हैं तो हर महिला को ये सम्मान राशि मिलेगी.

> एक जुलाई को समान्य वर्ग की महिला के खाते में तीन हजार जबकि दलित समाज की महिला के खाते में 4500 रुपए आएंगे. अगर एक परिवार में एक से अधिक महिला पात्र है तो सभी को इसी तरह 3 हजार या 4500 रुपए मिलेंगे. भगवंत मान ने कहा था कि एक हजार रुपए मिलने से महिलाएं अमीर नहीं बन जाएंगी, बल्कि यह उनके छोटे-मोटे रीति-रिवाजों और जरुरतों को पूरा करने के लिए है.

## ड्रग तस्करी के खिलाफ हमले में 2 की मौत

**वाशिंगटन, 22 जून.** पूर्वी प्रशांत महासागर में ड्रग तस्करी के खिलाफ चल रहे अमेरिकी सैन्य अभियान के तहत एक और संदिग्ध नाव पर घातक हमला किया गया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी सेना ने एक बार फिर पूर्वी प्रशांत महासागर में कथित ड्रग तस्करी से जुड़ी एक नाव को निशाना बनाते हुए घातक हमला किया है, जिसमें दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। यह कार्रवाई अमेरिकी दक्षिणी कमान के निर्देश पर 21 जून को की गई, जिसकी जानकारी रविवार देर रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की गई।

# भारत-ब्राजील विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ाएंगे सहयोग

**नई दिल्ली 22 जून. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने सोमवार को यहां 16 वीं ब्रिक्स की बैठक से इतर ब्राजील , इथियोपिया और ईरान के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढाने पर चर्चा की.**



श्री डोभाल ने भारत की मेजबानी में आज से यहां शुरू हुई ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की दो दिन की बैठक की अध्यक्षता की. विदेश मंत्रालय ने बताया कि श्री डोभाल ने ब्राजील के राजनीतिक मामलों के सक्रेटरी कार्लोस कोज़ेंडे से मुलाकात के दौरान ब्रिक्स फ्रेमवर्क के तहत भारत और ब्राज़ील के बीच सहयोग का स्वागत किया और भारत-ब्राज़ील द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की. इथियोपिया की नेशनल इंटेलिजेंस एंड सिक्योरिटी सर्विस में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मिलियन लेमा टाडेसे से मुलाकात के दौरान श्री डोभाल ने भारत-इथियोपिया रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने और गहरा करने के लिए सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा की.